

## एक नजर में

### मेले में शराब पीकर दो युवकों पर हमला व मारपीट की, 3 पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** शहर के त्रिवेणी मेले में शुक्रवार को दो युवकों द्वारा शराब के नशे में दो युवकों पर हमला कर मारपीट की। मामले में पुलिस ने हमला कर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों के विरुद्ध थाना डीडी नगर पर प्रकरण दर्ज, आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीम रवाना की। फरियादी उसके दोस्त कालु डामोर के साथ रतलाम मेला देखने के लिये आया था। मेला देखकर दिन में करीब 4 बजे वापस अपने गाँव जा रहे थे कि मेले में 3 अनजान लोग मिले जो शराब के नशे में थे। तीनों फरियादी व उसके दोस्त से टकरा गये। उसके बाद तीनो मुझे व मेरे दोस्त कालु डामर से विवाद करने लगे। उसके बाद हाथापाई कर लातघुसो से मारपीट करने लगे और एक ने लकड़ी से मुझे मारी जो मुझे सिर पर पिछे तरफ लगकर खुन निकलने लगा। मेरे दोस्त कालु डामर को एक व्यक्ति ने चाकु जेसी नुकिली वस्तु से मारी जो कालु डामर को पीठ पर लगकर खुन निकलने लगा। मौके पर उपस्थित लोगों ने फिर मुझे व मेरे दोस्त कालु डामर को सरकारी अस्पताल इलाज के लिये ले गये थे। जहां से मेडिकल कालेज रतलाम रेफर किया था। घटना की सूचना पर थाना डीडीनगर पुलिस द्वारा फरियादी अरविंद गहलोत की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। मुखबिर सूचना तंत्र एवं फरियादियों के कथन के आधार पर संदिग्ध की तलाश हेतु पुलिस टीम रवाना की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है।

### भाजपा का विधानसभा सम्मेलन आयोजित होगा

**रतलाम।** प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व मे भाजपा सरकार का 2 वर्षीय काल पूर्ण होने पर 21 दिसम्बर को रतलाम विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसमें संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी प्रदीप पांण्डेय, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप मार्गदर्शन देगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा सम्मेलन का आयोजन दोपहर 1 बजे मित्र निवास रोड़ रंगोली परिसर मे किया गया है। भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

### किसान भाई यूरिया की अनुशंसित मात्रा का ही उपयोग करें

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम चौहान ने बताया कि रतलाम जिले में आज 19 दिसंबर की स्थिति में 1494 मेट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है। जिले में लगातार यूरिया की रैक प्राप्त हो रही, 19 दिसंबर को आईपीएल यूरिया की रैक लगने वाली हैं। किसानों से अपील की है कि मिटटी परीक्षण के आधार पर खाद (उर्वरक) का संतुलित मात्रा में उपयोग करें। विशेष कर यूरिया को दो बराबर हिस्सों में बांटकर पहली एवं दूसरी सिंचाई के साथ दे। बोनी के बाद 20-21 दिन के अंतराल पर किसान भाई सिंचाई करें। जरूरत से ज्यादा यूरिया का उपयोग न करें। जहां संभव हो वहां पर स्प्रिंकलर पद्धति से सिंचाई करें।

### वरिष्ठ नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति के संरक्षण हेतु दल गठित

**रतलाम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने बताया कि माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम 2007 अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति के संरक्षण हेतु दल गठित किये गये है। जारी आदेशानुसार गठित दल मे जोन क्रमांक 1 के नोडल अधिकारी श्री अजय जाट थाना स्टेशन रोड रतलाम को, जोन क्रमांक 2 के नोडल अधिकारी श्री प्रेमसिंह थाना स्टेशन रोड रतलाम को, जोन क्रमांक 3 के नोडल अधिकारी श्री अशोक यादव थाना डी डी नगर रतलाम को, जोन क्रमांक 4 के नोडल अधिकारी श्री मनीष परिहार औद्योगिक क्षेत्र रतलाम को, जोन क्रमांक 5 के नोडल अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह थाना माणक चौक रतलाम को नोडल नियुक्त किया गया है।

### पं. त्रिवेदी की स्मृति में कंबल व मिठाई की वितरित

**जावरा।** श्री मां ग्राम विकास समिति एवं ब्रजकमल चेरी टेबल ट्रस्ट द्वारा पिपलोदा रोड चौराहे पर कंबल एवं मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन हर वर्ष की तरह पंडित बृजलाल त्रिवेदी की स्मृति में संस्था द्वारा आयोजित किया जाता है। श्री मां ग्राम विकास समिति अध्यक्ष के रूप में उन्होंने शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य किया तथा संस्था पिछले 35 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष और अतिथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया योग गुरु केवल राम सांखला ने कहा कि सेवा का उद्देश्य हमें नहीं राह दिखाता है। इसलिए अधिक से अधिक सेवा कार्य करना चाहिए। आदि ग्रंथ वेदों में इसका उल्लेख है। श्रीमती कमला त्रिवेदी शिक्षक संघ के पूर्व पदाधिकारी जगदीश उपमन्यु, भाजपा नेता अभय कोठारी, पार्षद शिवेंद्र माथुर, लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन, भारत विकास परिषद अध्यक्ष पप्पूसिंह राठौड़, दिनेश भावसार, कार्यशाला प्रमुख डॉ राजेंद्र त्रिवेदी, समाजसेवी प्रकाश मेहता, दुर्गा माता मंदिर समिति अध्यक्ष संजय गौड़, प्रेमसुख पाटीदार, अमित पाटीदार, जुगल किशोर भट्ट, ऋषि व्यास, अंबाशंकर शिकारी, अभय श्रीवास्तव, डॉ अशोक पाटीदार, सुनील तिवारी, सुरेश बैरागी, रत्नेश पांडे, अनिल पाठक निलेश जोशी, राजेंद्र पाटीदार अमित पाटीदार, डॉ हेमंत पाटीदार, नरेश राठौर, श्याम शर्मा, विक्की भट्ट, पहलाद मालानी, प्रहलाद मेहरा, सुरेश दरकूनिया, रामेश्वर जाट, रामेश्वर पाटीदार, बद्रीलाल राठौर, देवेंद्र दहिया, राजू सोरठा, ज्योति जोशी, प्रीति त्रिवेदी, पुष्पा त्रिवेदी, मंजू त्रिवेदी उपस्थित थे। आभार राकेश त्रिवेदी ने माना।

### 7 पहलवानों को पराजित कर कृष्णा ने जीता रतलाम महापोर केसरी का खिताब



**जावरा।** रतलाम त्रिवेणी मेले में रतलाम महापोर कुश्ती प्रतियोगिता में वाल्मिकी समाज के उभरते युवा पहलवान कृष्णा कल्याणे (बी एकेडमी रतलाम अखाडा) ने 44 किलो ग्राम में 7 (सात) पहलवानों को पराजित कर रतलाम महापोर केसरी का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर जावरा नगर पालिका परिषद द्वारा नपा प्रागंण में कृष्णा का पुष्प माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत ओर सम्मान किया। इस मोके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. युसुफ कडपा, न.पा उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा, आसिफ कबाडी सभापति, आमीर खॉन, गोपाल कल्याणे, अशोक सेठिया, उस्ताद राजेन्द्र कल्याणे, पुखराज बिडवान, अनिश कल्याणे, उमेश कल्याणे, मनीष कल्याणे, राजेश चौहान (पहलवान), सुमीत कल्याणे (पहलवान) आदि मोजुद थे।

### विश्व ध्यान दिवस पर 21 को ऑनलाइन ध्यान कार्यक्रम

**रतलाम।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानव के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु ध्यान की महत्ता को स्वीकार करते हुए प्रति वर्ष 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में हार्टफुलनेस संस्था एवं भारतीय योग संघ, मध्यप्रदेश द्वारा 21 दिसंबर को ऑनलाइन माध्यम से वैश्विक ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहभागिता हेतु निशुल्क पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इच्छुक प्रतिभागी लिंक पर पंजीकरण कर ध्यान सत्र में भाग ले सकते हैं तथा ध्यान उपरांत ई-प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। ध्यान कार्यक्रम 21 दिसंबर को रात्रि 8 बजे से 8 बजकर 20 मिनट तक आयोजित होगा। ध्यान के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्ति, आंतरिक शांति एवं मानसिक संतुलन सहज रूप से प्राप्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, कार्यालयीन कर्मचारी, शासकीय सेवक, पुलिस कर्मी एवं आम नागरिक भाग ले सकते हैं।



# नकूल वर्मा बने मिस्टर महापौर

**52 बॉडीबिल्डर ने एक से बढ़कर एक पोजिंग द दर्शकों का दिल जीता**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** तालियों की गडगड़ाहट दूधिया रोशनी से जगमग मंच और शानदार राष्ट्रभक्त संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच जिलेभर से आए लगभग 52 शरीर साधक बॉडीबिल्डर खिलाडियों ने एक से बढ़कर एक पोजिंग देते हुए उपस्थित हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। कशमकश और जोरदार मुकाबले में नकूल वर्मा ने मिस्टर महापौर ट्रॉफी का खिताब जीता, अर्पित सिलावट ने बेस्ट पोजर, ईश्वर सिंह ने बेस्ट मस्कुलर, मोहम्मद रजा ने बेस्ट फिजिक एवं जय कहार ने बेस्ट इम्प्रुव का खिताब जीता।

प्रारंभ में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, प्रवीण सोनी, शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) संयोजक एवं नेता पक्ष तथा महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, पार्षद रणजीत टांक, सोनू यादव, रामबाबु शर्मा, अनुज शर्मा, राकेश मिश्रा, बॉडीबिल्डिंग संस्थापक ओमप्रकाश त्रिवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया।

नकूल वर्मा सहित 5 टॉप खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नगद राशि प्रदान की गई। वहीं 6-15 वे स्थान के खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी प्रमाण पत्र और मानदेय राशी से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राज्य शरीर सौष्ठव संस्थान उज्जैन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, संभाग अध्यक्ष मकबूल वारसी, अमित कनौजिया, अनिल चावंड, अमजद खान जावरा, असलम खान द्वारा निभाई गई। मार्शल की भूमिका में राजकुमार शिंदे, शाबाज खान, सुरेश नायक, अजय चौरसिया रहे। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय निर्णायक डॉ. कुलदीप त्रिवेदी ने किया एवं आभार मेला प्रभारी धर्मेंद्र व्यास ने माना।

**मेला भजनों से हुआ सराबोर**

नगर निगम द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले के नौवें दिन निगम रंगमंच से राजस्थान के भजन गायक बबलू रंगीला ने एक से बढ़कर एक भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर नागरिकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गायक ऋतिक सोनी ने भगवान श्रीगणेश वंदना और गुरू वंदना गजानन्द सरकार पधारो कीर्तन की तैयारी है इसके बाद कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम से की। फिर भजन संध्या के मुख्य कलाकार बबलू रंगीला ने सांवरिया सेठ के भजन सेठ सांवरिया मंडफिया वाला काली गाड़ी लाणि हे, सांवरिया सेठ दे दे थारे भरियो रे भंडार, गायिका इंदिरा मेघवाल ने दर्शकों की फरमाइश पर खाटू श्याम जी का भजन कीर्तन की हे रात दादा आज थाने आणो हे, अजब हे तेरी माया इसे कोई समझ न पाया, गायिका किशोरी ने माता जी के भजन चलो बुलावा आया है आदि भजनों की प्रस्तुति दी।

# पानी के लिए आधा शहर हुआ परेशान, अब महापौर ने ली विभागों की बैठक

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** करीब आधार शहर पिछले 9 दिन से पानी के लिए परेशान हो रहा हैं। नागरिकों के विरोध के बाद महापौर भी निगम अमले में भड़क गए हैं। अब महापौर ने विभागों की बैठक लेकर कार्यप्रणाली पर चर्चा कर निर्देश दिए हैं।

**विभाग को नियमित पेयजल वितरण की ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश**

महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर निगम के जलप्रदाय, लोक निर्माण, राजस्व, स्वास्थ्य आदि विभागों के कार्यो की समीक्षा कर कार्य समय पर पूर्ण करने तथा ठोस कार्य योजना के साथ करने के निर्देश दिये। आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल ने सर्वप्रथम जलप्रदाय विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नगर के नागरिकों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो इस हेतु किसी भी कार्य को करने से पूर्व ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि नवीन पेयजल पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि रोड़ क्षतिग्रस्त ना हो जहां तक हो सके रोड़ के साईड में पेयजल पाईप लाईन बिछाई जाये। इसके बाद लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए महापौर प्रहलाद ने निर्देशित किया कि विकास कार्यो में गुणवत्ता बनी रहे इस हेतु संबंधित क्षेत्र के इंजीनियर नियमित रूप से कार्य की मॉनीटरिंग करेंगे। रास्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकाया वसूली की जानकारी ली व फुटपाथ पर खड़े चार पहिया वाहनों में लॉक लगाये जाने व जुर्माना किये जाने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये साथ ही ऐसे नागरिक जो कि कचरा संग्रहण वाहन में कचरा डालने में असमर्थ है उनका कचरा वाहन हैल्पर वाहन में डालेंगे। साथ ही खुले में कचरा डालने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए।

**यह रहे मौजूद**

आयोजित बैठक में नेता पक्ष एवं जलकार्य तथा सीवरेज समिति प्रभारी भगतसिंह भदौरिया, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी, महापौर परिषद सदस्य रामूभाई डाबी, कार्यपालन यंत्री महेश सिरोहिया, राहूल जाखड़, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, विनोद पाटीदार, शिवम् गुप्ता, अनमोल निर्मल के अलावा कैलाश गेहलोत, ऋषि पंड्या, पवन सोलंकी सहित झोन प्रभारी उपस्थित थे।

## जिले की 9 निकायों में 1 हजार 19 हितग्राही चिन्हित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग जिले के शहरी क्षेत्रों में आवासहीन गरीबों को आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार जिले में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किये जा रहे है। ऐसे भूमिहीन (आवासहीन) नगरीय गरीब व्यक्ति, जो 31 दिसंबर 2020 की स्थिति में शासकीय/स्थानीय निकाय/विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से निवासरत हों तथा जिनके पास स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के नाम कोई मकान अथवा भूमि स्वामित्व में न हो, उन्हें स्थाई अथवा अस्थाई आवासीय भूमि पट्टे दिए जाने की पात्रता होगी। परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सर्वेक्षित हितग्राहियों की सूची शासन के निर्देशानुसार जिले की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। साथ ही पर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम सर्वेक्षण सूची का प्रकाशन 5 जनवरी 2026 को होगा।

**सबसे ज्यादा बड़वदा में**

जिले की 9 नगरीय निकायों में प्रारंभिक सर्वेक्षण किया गया। नगर पालिका निगम रतलाम में 220, नगरपालिका जावरा में 82, नगर परिषद आलोट में 19, नगर परिषद ताल में 51, नगर परिषद बड़ावदा में 418, नगर परिषद पिपलौदा में 56, नगर परिषद नामली में 26, नगर परिषद सैलाना में 22, नगर परिषद धामनोद में 125, इस प्रकार जिले में कुल 1019 हितग्राही चिन्हित किए गए हैं।

## पूर्व पार्षद सुशीला परमार को दी श्रद्धांजलि

**रतलाम।** पूर्व निगम परिषद की पूर्व पार्षद सुशीला परमार आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती सुशीला परमार के निधन की सूचना पर निगम सभागृह में शोक सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की गई। निगम सभागृह में आयोजित शोक सभा में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, महापौर परिषद सदस्य अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, धर्मेन्द्र रांका, श्रीमती हीना मेहता, श्रीमती आयुषी सांकला, श्रीमती प्रीति कसेरा, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, राजेश माहेश्वरी, विजयसिंह चौहान सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एसपी ने किया रात्रिकालीन वाहन चेकिंग पॉइंट्स का औचक निरीक्षण

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा शहर की कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बीती रात्रिकालीन वाहन चेकिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर चल रही यातायात चेकिंग की स्थिति का जायजा लिया गया।

रात्रि भ्रमण के दौरान एसपी ने दिलबहार चौराहा, छत्रीपुल, अलकापुरी चौराहा एवं 80 फीट रोड पर लगाए गए वाहन चेकिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चेकिंग की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखने, तथा आम नागरिकों के साथ शालीन एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेकिंग के दौरान सतर्कता एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसपी ने निर्देशित किया कि शहर में रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग को प्रभावी बनाकर अपराधों पर नियंत्रण रखा जाए तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पुलिस द्वारा शहर की कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने हेतु इस प्रकार के निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# खेल चेतना मेला के शुभारंभ पर निकली खेल जागृति रैली



**शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नेहरू स्टेडियम पर हुआ समापन**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** खेल चेतना मेला के शुभारंभ से पूर्व शहर में खेल जागृति रैली निकाली गई। इसकी शुरूआत कॉलेज ग्राउंड से हुई। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, खेल सलाहकार अशोक जैन लाला, आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, महेंद्र बोथरा, डॉ. नरेंद्र मेहता, प्रदीप सिंह राव ने झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया।

खेल जागृति रैली में शहर के 100 से अधिक स्कूलों के बच्चों ने सहभागिता की। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुई नेहरू स्टेडियम पहुंची। जहां मार्च पास्ट के साथ रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने अतिथियों को सलामी दी। यहां मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया, कार्यक्रम के अध्यक्ष क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, विशेष अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, श्रीमती नीता काश्यप ने ध्वज वंदन कर खेल मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय तैराक अब्दुल कादिर ने विद्यार्थियों को खेल मेले की शपथ दिलाई।

**पहले दिन शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर हुए रोमांचक मुकाबले:** पहले दिन शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित हुई। नेहरू स्टेडियम पर बालिका क्रिकेट स्पर्धा आयोजित हुई, जिसमें बालिकाओं ने बेहतरीन खेल प्रस्तुत किया। टेनिस बॉल से आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में बालिकाओं ने जोरदार शॉट लगाते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। यहां कबड्डी एवं खो-खो के मुकाबले भी हुए। कॉलेज ग्राउंड पर एथलेटिक्स, लंबी कूद एवं गोला फेंक, हॉकी, रोटरी हॉल में शतरंज, रेलवे ग्राउंड में फुटबॉल, रेलवे सीनियर ग्राउंड पर व्हालीबॉल, रेलवे जूनियर ग्राउंड पर बास्केटबॉल, बैडमिंटन, संत कंवरराम खेल मैदान पर योग, मलखंब, स्केटिंग और सेठिया ब्लॉक मेकर पर शूटिंग स्पर्धा आयोजित हुई। बालिका क्रिकेट के रोमांचक मुकाबलों में पहले दिन गुरूतेग बहादुर एकेडमी, सांदीपनि विद्यालय, द किंग्स एकेडमी, सांई श्री इंटरनेशनल, मॉर्निंग स्टार, शासकीय नवीन कन्या, न्यू अर्पित एवं कन्या शिक्षा परिसर ने पहले दौर के मुकाबले जीते। बालक वर्ग में गुरूतेग बहादुर एकेडमी, संत नामदेव, गुजराती समाज एवं सरस्वती विद्या मंदिर ने जीत दर्ज की।

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलाई**



महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में खेल चेतना मेला का शुभारंभ हुआ। 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलवाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा सहित जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बालक, बालिकाएं, महिलाएं उपस्थित थे।



# 200 से अधिक विद्यार्थियों ने 8 मिनट में हल किए 200 सवाल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** फीनिक्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को आयोजित युसीमास जावरा लेवल प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी तेज़ गणना क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में जावरा के विभिन्न स्कूलों से आए 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और मात्र 8 मिनट में 200 गणित के सवाल हल कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को चयनित किया गया, जो आगे चलकर राज्य (स्टेट) और राष्ट्रीय (नेशनल) स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जावरा का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, यतींद्र सकलेचा, विद्यालय डायरेक्टर निधि विनीत बाफना और स्कूल प्रिंसिपल डॉ. एस. गौरी, वाइस प्रिंसिपल राकेश पाल, कोर्स इंस्ट्रक्टर श्रद्धा माहेश्वरी एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की जानकारी जावरा के युसीमास के मैनेजिंग डायरेक्टर एबी. हन्नान ने दी।

**सेवा कार्य** — तहसीलदार ने 40 से अधिक नैत्र रोगियों को दवाईया एवं चश्मे किए भेंट

# पुरूषार्थ की भावना से की जा रही नेत्र ज्योति सेवा ही मानव सेवा: वेश



नवभारत न्यूज

**जावरा।** प्राणी मात्र की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, और पुरूषार्थ की भावना से नैत्र ज्योति प्रदान करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। उक्त बात लायंस नैत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के 40 से अधिक नैत्र रोगियों को निशुल्क दवाईया एवं चश्मे प्रदान करते हुए तहसीलदार पारस वेश ने कही। आपने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि पहली बार इतने अत्याधुनिक स्थाई नैत्र चिकित्सालय के माध्यम से इतने विशाल रूप में नि:शुल्क नैत्र ज्योति प्रदान करने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का अवसर मिला। इसके लिए लायंस क्लब के सभी पदाधिकारी सदस्य व नैत्र चिकित्सालय का स्टाफ साधुवाद के पात्र हैं। श्री वेश ने कहा कि मानव सेवा के इस कार्य में आपके हर प्रकार के सहयोग के लिए तत्पर रहुंगा। प्रारंभ में लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन ने स्वागत भाषण देते हुए नैत्र चिकित्सालय के साथ इस वर्ष की गई नई सेवा गतिविधियों डायग्नोस्टिक सेंटर, जिले की लगभग 5 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का नि:शुल्क नैत्र परिक्षण व दवाई वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वार्डो में जांच शिविर आयोजित कर आम आदमी तक नि:शुल्क चिकित्सा सेवा पहुंचाने के सेवा कार्यों की जानकारी दी।

**3 हजार से अधिक हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन**

सचिव अशोक चोपड़ा ने बताया कि चालू सत्र में आज दिनांक तक लगभग 41 हजार से भी अधिक नैत्र रोगियों का नैत्र परिक्षण कर उनका इलाज किया तथा दवाईयां दी गई वहीं 3 हजार से भी अधिक नैत्र रोगियों के मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए। आज मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तहसीलदार श्री वेश का शाल ओढ़ाकर मोतियों की माला से बहुमान क्लब अध्यक्ष जैन, सचिव चोपड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा, पुर्व अध्यक्ष क्रमश: कमल जैन, सुजानमल कोचट्टा, गोपाल सेठिया, विमल सिसोदिया व अर्पित चत्तर एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अशोक चोपड़ा ने किया। आभार पुर्व अध्यक्ष सुजानमल कोचट्टा ने माना।